# अवैध खनन करोबार के चलते कांग्रेस नेता ने दिया इस्तीफा

## सिर्फ दिखावे के लिए कांग्रेसी शेष अंदरुनी भाजपाईयों के साथ अवैध खनन कारोबार में संलिप्त, संगठन एवं प्रमुख नेताओं को भाजपा के इशारे पर चलने का आरोप

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। लोगो ने ठीक कहा है कि कांग्रेस नहीं हारती, कांग्रेस को कांग्रेसी ही हराते हैं। अब धीरे-धीरे कांग्रेस ने अंदर ही अंदर यह बात विस्फोटक रूप लेने लगी है। विगत लगभग 20 वर्षो के दौरान हुए विधानसभा चुनाव में एक दूसरे को पटकनी देने के लिये कांग्रेसियों ने अपनी ही पार्टी के प्रत्याशियों के खिलाफ काम कर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का काम किया, वह किसी से छिपा नही है आज वही फ़ूल छाप कांग्रेसी सत्तासीन भाजपा के शासन में फल फूल रहे है, उन्हीं के कारोबार चल रहे है।**

यही नही भाजपाईयों के साथ कांग्रेसियों के पार्टनशिप में पत्थर एवं रेत का अवैध खनन करोबार चल रहा है जिस कारण अब जमीनी कांग्रेसी जो कुछ बचे है वे भी कांग्रेस से अलग होते जा रहे है। इसी कड़ी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहीं श्रीमती राजाबाई यादव के पुत्र वरिष्ठ कांग्रेसी जयराम यादव ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा करते हुये लिखित प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि मैं पन्ना जिले का जमीनी कार्यकर्ता, जो वर्षो से कांग्रेस की विचारधारा और जनसेवा के लिए समर्पित रहा, दुख और पीड़ा के साथ घोषणा करता हूँ कि मैं कांग्रेस पार्टी से अलग हो रहा हूँ।मूल कारण कांग्रेस पार्टी अब जनता के मुद्दों के साथ खड़ी नहीं है। वह आम आदमी की आवाज़ सुनने और उनकी पीड़ा समझने की क्षमता खो चुकी है।



पन्ना जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगाय डैम और रुज डैम के कारण हजारों किसान-आदिवासी परिवार बर्बादी के कगार पर हैं। उनकी जमीन डूब रही है, जीवन-जीविका छिन रही है। इन किसानों ने चार साल से लगातार संघर्ष किया और हाल ही में 11-12 दिन तक नदी में जलसत्याग्रह (चिता आंदोलन) किया। धूप में, पानी में डटे रहे, लेकिन कांग्रेस पार्टी के किसी भी जिम्मेदार नेता ने उनसे मुलाकात तक नहीं की, उनकी पीड़ा सुनने नहीं गया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी छतरपुर जिले आए, लेकिन पन्ना के प्रभावित किसानों तक नहीं पहुंचे। यह उपेक्षा मेरे दिल में गहरी चोट पहुंचाने वाली है। जब जनता मौत से लड़ रही हो, तब कांग्रेस के बड़े नेता फेसबुक पोस्ट और रीलों तक सीमित रह जाते हैं यह कांग्रेस की वर्तमान स्थिति का दर्दनाक प्रमाण है।

### कमल छाप कांग्रेसियों पर नहीं हुई कार्यवाही

सबसे गंभीर बात कांग्रेस में भारतीय जनता पार्टी के लोग गुप्त रूप से घुसपैठ कर चुके हैं।कई पदाधिकारी भाजपा की नीतियों से प्रभावित हैं और उनके एजेंडे पर काम कर रहे हैं।पूर्व कांग्रेस प्रत्याशियों ने लिखित शिकायतें दर्ज कराई थीं कि ये लोग भाजपा का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आज तक कोई संज्ञान नहीं लिया। कांग्रेस के प्रमुख लोग जो भाजपा का काम करते है वही आज भाजपा शासन में भाजपा नेताओं के साथ मिलकर रेत व पत्थर खदानों सहित अन्य कारोबार संचालित कर रहे है। जो भी आज पार्टी से जुड़े हुए हैं, वे ज्यादातर अपने स्वार्थ के लिए हैं कृ बालू माफ़िया, शराब माफ़िया, पत्थर माफ़िया या अन्य गैरकानूनी कारोबार में लिप्त लोग। ये लोग भाजपा के साथ मिले हुए हैं, जिससे उनका कारोबार चल रहा है। ऐसे में यह पार्टी जनता के लिए क्या काम करेगी? गरीब आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को न्याय कैसे दिलाएगी? पिछले 25 सालों से यही स्थिति है कांग्रेस अब दोगलापन करने वालों, भीतरघात करने वालों और जांच से बचाने वालों का अड्डा बन चुकी है। 90 प्रतिशत नेता भाजपा से मिले हुए दिखते हैं और शीर्ष नेता केवल सोशल मीडिया तक सीमित हैं।इसलिए आज की तारीख से जयराम बबलू यादव कांग्रेस पार्टी से अलग हो रहा हूं।

# पर्याप्त मुआवजा न मिलने से इलाज के अभाव में किसान की मौत

## नाराज ग्रामीणों ने रुकवाया बांध का काम

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। गत दिवस केन बेतवा लिंक परियोजना क्षेत्र के विस्थापित किसान को पर्याप्त मुआवजा न मिलने का आरोप कथित तौर पर लगाया गया है जिस कारण उसका ईलाज सही ढंग से नही हो पाने के कारण उसकी मौत हो गई। जिसके चलते बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे और बांध का काम रुकवा दिया।**

करीब 45 वर्षीय रामस्वरूप आदिवासी पुत्र धुनुआ आदिवासी की बीमारी से मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मृतक परिवार का आरोप है कि विस्थापन, मुआवजा न मिलना और आर्थिक संकट ही उनकी मौत की मुख्य वजह बना। परिजनों के मुताबिक रामस्वरूप वर्षों से अपनी जमीन पर खेती कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। जमीन का सरकारी पट्टा न होने के कारण उन्हें मुआवजा नहीं मिला। बांध निर्माण की प्रक्रिया में उनकी जमीन पहले अधिग्रहित कर ली गई। प्रस्तावित मुआवजा इतना कम था कि न नया घर बन पा रहा था और न खेती के लिए दूसरी जमीन मिल पा रही थी। बीमारी और आर्थिक तंगी के बीच इलाज भी पूरा नहीं हो सका, जिससे उनकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के गांवों से ग्रामीण बड़ी संख्या में बांध स्थल पहुंचे। महिलाओं ने मोर्चा संभालते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया।

# चीफ जस्टिस ने किया आवासीय भवनों का ई-लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। तहसील विधिक सेवा समिति पवई एवं अजयगढ़ में नवनिर्मित मीडिएशन सेंटर एवं तहसील पवई में न्यायिक अधिकारियों के लिये निर्मित आवासीय भवनों का ई-लोकार्पण 17 अप्रैल को शाम 5 बजे मुख्य न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक संजीव सचदेवा के करकमलों एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर विवेक रूसिया की अध्यक्षता एवं न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय म.प्र. एवं पोर्टफ ोलियोज जज पन्ना देवनारायण मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न किया गया।**

तहसील पवई के मध्यस्थता केन्द्र के ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पवई सोम पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीता चौहान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार गौड़, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ तहसील पवई राजेश कुमार नगायच सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, न्यायिक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं आईटी टीम भी उपस्थित थी।

तहसील अजयगढ़ के मध्यस्थता केन्द्र के ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान तृतीय जिला न्यायाधीश अरविन्द शर्मा, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति उपमा भार्गव, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, लोक निर्माण विभाग पीआईयू के अधिकारीगण, न्यायिक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

तहसील पवई में न्यायिक अधिकारियों के लिये निर्मित आवासीय भवनों के ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शरतचन्द्र सक्सेना, विशेष न्यायाधीश प्रदीप कुशवाहा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित शर्मा सहित पीडब्ल्यूडी, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारीगण के साथ-साथ आई.टी. टीम एवं न्यायिक कर्मचारीगण भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

# महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ





नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। नगर की गौरवमयी शैक्षणिक संस्था का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि मीना राजे परमार (जिला पंचायत अध्यक्ष), डॉ राजेश वर्मा (गुनौर विधायक), प्रियदर्शनी देवी (संस्था अध्यक्ष), कृष्णा कुमारी (संस्था सचिव) एवं समर बहादुर सिंह के द्वारा किया गया।**

सर्वप्रथम सरस्वती वंदना सामूहिक नृत्य के साथ प्रस्तुत की गयी तत्पश्चात संस्था प्राचार्य कृष्ण नारायण पाण्डेय के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ के द्वारा किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम की श्रंखला में- डिस्को दिवाने, पन्ना को हीरा, महाभारत एक्ट, चले जैसे हवाएँ, सौदा खरा-खरा, बोल न हल्के-हल्के, युगों की व्याख्या, पर्यावरण संरक्षण, एक दो तीन, कवि सम्मेलन, ऑपरेषन सिंदूर, द स्टेज क्वीन, मोरी बहु हिरानी है, एवं धुरंधर का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य द्वारा संस्था का बार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया अतिथियों द्वारा कक्षा एल.के.जी से 12 वीं के प्रवीणय सूची में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### गुनौर विधायक ने कार्यक्रमों को देख कर की प्रशंसा

जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्र/छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की एवं छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया जिससे छात्र-छात्राओं का सर्वागीण विकास हो सके। गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने कार्यक्रमों को देख कर प्रबंध समिति एवं शिक्षक परिवार की प्रशंसा की जिन्होने छात्र-छात्राओं की कला को निखारने का मंच प्रदान किया साथ ही संस्था की प्रगति की कामना की । संस्था अध्यक्ष प्रियदर्शनी देवी एव सचिव कृष्ण कुमारी ने भी सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की, साथ ही चयनित कार्यक्रमों को पुरस्कृत करने की घोषणा की इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में दो मजदूरों की मौत, दो घायल

## ठाकुर बाबा मोड़ पर हुई घटना

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। गत दिवस पन्ना जिले के पहाड़ीखेरा रोड पर दो बाइकों में इतनी तेज टक्कर हुई, जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई।**

हासिल जानकारी के अनुसार उक्त घटना ठाकुर बाबा मोढ़ नामक स्थान पर हुई, जिसमें रोहित आदिवासी उम्र 18 वर्ष की ईलाज के लिये रीवा ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया एवं जित्तू रजक उम्र 25 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जित्तू अपने साथी रवि अहिरवार के साथ बाईक से लौट रहा था वहीं दूसरी ओर से रोहित अपनी बहन के साथ आ रहा था कि अचानक दोनो बाईकों की आमनें सामनें एवं तेज गति से टक्कर होने के कारण उक्त हादसा घटित हुआ। रोहित की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रीवा के लिये रिफर किया गया था जिसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। रवि अहिरवार तथा उमा आदिवासी का ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

# आरटीई के तहत अब 25 तक अभिभावक विद्यार्थियों का करा सकेंगे एडमिशन

## प्रवेश से मना करने पर निजी स्कूलों पर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि बढ़ा दी है।**

अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था। आवंटन के बाद अभिभावकों को 3 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों का प्रवेश आवंटित विद्यालय में कराने के निर्देश दिए गए थे। अभिभावकों की मांग व विद्यार्थियों के हित को देखते हुए अब प्रथम चरण में आवंटित विद्यालय में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 25 अप्रैल 2026 कर दी गई है।

### संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी पालक द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि उनके बच्चे को आवंटित निजी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और जिला परियोजना समन्वयक मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित अशासकीय विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे। साथ ही संबंधित बच्चे को आवंटित विद्यालय में प्रवेश मिल जाए यह भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर इस पूरी प्रक्रिया की दैनिक समीक्षा के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे।

# कलेक्टर ने स्कूलों के समय में किया परिवर्तन



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। जिले में वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार ने छात्र-हित में स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है।**

कलेक्टर पन्ना द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित होने वाले समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध विद्यालयों के समय में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया गया है । यह नया नियम नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं पर लागू होगा, जिसके तहत अब शाला संचालन का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नियत कर दिया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। जारी आदेश के अनुसार स्कूल के शैक्षणिक और अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक उपस्थित रहकर अपने विभागीय कार्यों को पूर्ण करेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम और अन्य आवश्यक गतिविधियाँ अपनी पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही संचालित होती रहेंगी। कलेक्टर ने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देशित किया है।

# वन्यप्राणियों के लिए भी सुनिश्चित की जा रही पेयजल व्यवस्था

## पक्षियों, तितलियों व मधुमक्खियों के लिए भी की गई पानी की व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। दक्षिण पन्ना वनमण्डल में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गर्मियों के दौरान वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न वन परिक्षेत्रों में वनकर्मियों द्वारा नवाचार और श्रमसाध्य प्रयासों के माध्यम से जल स्त्रोतों की मरम्मत, सुधार एवं संरक्षण किया जा रहा है, जिससे वन्यजीवों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।**



कल्दा रेंज अंतर्गत वनरक्षक नाका जुर्सिंहा में वनरक्षक वीरेंद्र पटेल द्वारा पक्षियों के लिए पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं शाहनगर रेंज के बोरी बीट में वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे एवं पुराने मोटरसाइकिल टायरों को सीमेंट कर उनमें पानी भरकर अभिनव जल संरचनाएं तैयार की गई हैं। इस कार्य में बीट गार्ड प्रेम नारायण वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। शाहनगर रेंज के उमरिया बीट में वनरक्षक आशीष कुमार पांडे द्वारा न केवल पेयजल व्यवस्था की गई है, बल्कि सॉल्ट लिक विकसित करने का भी नवाचार किया गया है। आशीष पांडे द्वारा विभिन्न झिरियाओं एवं अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई, मेड़ निर्माण एवं पत्थर पिचिंग का कार्य भी किया गया है। शाहनगर रेंज में ही करौंदी, रामपुर एवं अन्य बीटों में वनरक्षक राजेश यादव, संतोष रजक तथा अन्य द्वारा झिरिया सुधार कार्य निरंतर जारी है। पवई रेंज के तालगांव पश्चिम बीट में भी वनरक्षक गजेंद्र आरख द्वारा झिरिया की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य किया गया है।

# बाइकों की टक्कर में तीन घायल

## पन्ना-पहाड़ीखेड़ा मार्ग की घटना

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। पन्ना कोतवाली थाना क्षेत्र में उड़की और अहिरगवां के बीच गुरुवार देर शाम दो बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे में शासकीय स्कूल के एक भृत्य सहित तीन लोग घायल हो गए, जबकि एक मासूम बालक बाल-बाल बच गया।**

हाई स्कूल इंटवाखास में पदस्थ भृत्य हरि आदिवासी (58) ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर हरदुआ लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे कल्लू गोंड (32) की बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। कल्लू गोंड अपनी ससुराल सिंघोरा से काम निपटाकर अपने गांव लुरहाई लौट रहा था।

उसकी बाइक पर उसका 5 वर्षीय बेटा किशन भी सवार था, जो इस हादसे में सुरक्षित बच गया। घायल हरि आदिवासी के अनुसार, हादसे की मुख्य वजह सामने वाले चालक की लापरवाही रही। बताया जा रहा है कि कल्लू गोंड बाइक चलाते समय मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। ध्यान भटकने के कारण वह बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधे सामने से आ रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मासूम को भी हल्की चोटें आईं।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए डायल 112 को सूचना दी और घायलों को जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना पुलिस को भी दी है।

# सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने जेवर किए पार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रैल। ककरहटी चौकी क्षेत्र में एक सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित जब घर लौटा तो टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर उसके होश उड़ गए।**

कुर्मियावाला निवासी रामजी चौधरी उम्र 22 वर्ष ने बताया, वह मजदूरी करता है। वह जरूरी काम से अहिरगवां गया था। शाम करीब 4 बजे जब वह वापस घर लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और उसमें रखा सामान गायब था। चोर घर से सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, चांदी का कमर डोरा, हाथपोस, पायल, पांच चांदी की अंगूठियां, बिछिया तथा करीब 3 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 65 हजार रुपए है। घटना के बाद पीड़ित ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# गुनौर के छात्रों ने प्रदेश की मेरिट में कब्जा कर जिले सहित विद्यालय का किया नाम रोशन

नवभारत न्यूज

**गुनौर, 18 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में जहां प्रतिभा सिंह सोलंकी ने हाई स्कूल में प्रदेश की मेरिट सूची में प्रदेश टॉपर बनकर एवं नंदकिशोर पटेल ने हायर सेकेंडरी की मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय माता-पिता का मान बढ़ाया है वहीं गुनौर क्षेत्र को भी गौरांवित किया है।**

इसी प्रकार गुनौर के कुछ छात्रों ने अपने विद्यालयों की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर मेधावी छात्र होने का गौरव प्राप्त किया है जिसमें गुनौर में संचालित सरदार वल्लभभाई पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हायर सेकेंडरी का परिणाम शत् प्रतिशत रहा सभी दर्ज छात्र उत्तीर्ण रहे। इस विद्यालय में 12वीं में निधि पटेल पिता रामेश्वर पटेल ने 84.2 प्रतिशत, नेहा रजक पिता महेश रजक ने 83.2 प्रतिशत, नम्रता पटेल पिता रामपत पटेल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हाई स्कूल में शिवा मिश्रा पिता राम सुफ्ल ने 97.4 प्रतिशत, अंकुश पटेल पिता देवेंद्र पटेल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर में कक्षा 12वीं में नंदकिशोर पटेल पिता बृज किशोर पटेल ने 96.6 प्रतिशत, लक्ष्मी गुप्ता पिता अनिल गुप्ता ने 93 प्रतिशत, खुशी तिवारी पिता बृजभूषण तिवारी ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय का रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा।

वहीं हाई स्कूल में उमंग मिश्रा पिता नरेंद्र मिश्रा ने 97 प्रतिशत, सृष्टि द्विवेदी पिता अखिलेश द्विवेदी ने 96.8 प्रतिशत साक्षी द्विवेदी पिता रूप नारायण द्विवेदी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय का रिजल्ट 92 प्रतिशत रहा। विमल सागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाई स्कूल का रिजल्ट 80 प्रतिशत एवं 12वीं का 84.4 प्रतिशत रहा। दशमी में कुमारी शुभि त्रिपाठी पिता अनिल कुमार ने 97.4 प्रतिशत अदिति जैन पिता बालचंद जैन ने 93 प्रतिशत सरिता रजक पिता राम जी रजक ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार 12वीं में कुमारी विनीता लोधी पिता नंदलाल लोधी ने 82.6 प्रतिशत रुचि उपाध्याय पिता बृजेंद्र उपाध्याय ने 79.2 प्रतिशत, हर्षराज पटेल पिता पवन कुमार पटेल ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में स्थान प्राप्त किया। श्री मढ़ेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेली में दशमी का रिजल्ट 95 प्रतिशत एवं 12वीं का रिजल्ट 93.8 प्रतिशत रहा कक्षा दसवीं में दीपक चौधरी पिता प्रभु चौधरी ने 95.6 प्रतिशत देवांश सिंह राजपूत पिता जयपाल राजपूत ने 94.6 प्रतिशत आरती पटेल पिता राम कृपाल पटेल ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं में गणेश सेन पिता सुरेश सेन ने 93.8 प्रतिशत दीपेंद्र कोरी पिता मोहन ने 92.6 प्रतिशत नम्रता गर्ग पिता ओंमकेश गर्ग ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर में 12वीं कला का रिजल्ट 93.01 प्रतिशत कृषि शंकाय का 94.4 प्रतिशत गणित का 100 प्रतिशत जीव विज्ञान का 89 प्रतिशत रहा एवं दसवीं का रिजल्ट 94 प्रतिशत रहा। इस प्रकार इन विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है इनके विद्यालय परिवार एवं चाहने वालों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां प्रेषित की है।